# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 02 Apr 2025 Page No. 6**

आईएमए लेडीज विंग की सभा में मौजूद महिलाएं। स्रोत : स्वयं

रंग से रंग दिया। संवाद

2/04/25 - AU - P-06

# छात्र-छात्राओं ने किया राष्ट्रपति भवन का दौरा



राष्ट्रपति भवन का शैक्षणिक भ्रमण करते सुभारती के छात्र-छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विधि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया। भ्रमण का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र के दिशा निर्देशन और प्रो. वैभव गोयल भारतीय के मार्गदर्शन में किया गया।

50 विद्यार्थियों के एक दल ने सुभारती लॉ कॉलेज के संकाय सदस्य डॉ. प्रेम चंद्र और सोनल जैन के नेतृत्व में राष्ट्रपति भवन और अमृत उद्यान का दौरा किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रकृति, कला और साहित्य से जुड़ी अनेक रोचक जानकारियां प्राप्त कीं।

छात्रों ने गुलदाऊदी, डहेलिया, ट्यूलिप, गुलाब और रजनीगंधा जैसे खूबसूरत फूलों की विभिन्न प्रजातियों को नजदीक से देखा और उनके बारे में जानकारी ली। छात्रों ने हस्तशिल्प, पेंटिंग्स और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। कुछ छात्रों ने खुद को शिल्प कार्यशालाओं में पंजीकृत कराया और ब्रैसलेट बनाना सीखा। छात्रों ने लिटरेरी जोन में प्रेरणादायक किताबें खरीदीं और विचारोत्तेजक चर्चाओं में भाग लिया, जिससे उन्हें नई सोच और दृष्टिकोण मिले। सभी ने फूड कोर्ट में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और इस अनुभव को यादगार बनाया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 03 Apr 2025** **Page No. 2**

न विरोध शुरू कर दिया लेकिन नेताओं ने विरोध जताया है। ब्यूरो

AU-P-2 03/4/25

# व्यावसायिक शिक्षा की भूमिका पर दिया जोर

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन पर हुआ अतिथि व्याख्यान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के कार्यान्वयन पर अतिथि व्याख्यान किया गया।

एनईपी सारथी शिखा शर्मा, पलक टंडन और मास्टर आयुष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रो. अनोज राज ने एनईपी -2020 और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क एनसीआरएफ की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शोकेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा की भूमिका पर विशेष जोर दिया।



सुभारती में हुए व्याख्यान में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। स्रोत : संस्थान

उन्होंने बताया कि एनईपी का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। डॉ. कुमार ने प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और इंडस्ट्री कोलैबोरेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के लिए विभिन्न डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कौशल-आधारित मॉड्यूल जोड़े जा रहे हैं। डॉ. एससी थलैडी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली एनईपी-2020 में समावेश पर विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि नीति पारंपरिक और स्वदेशी शिक्षण प्रणालियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर जोर देती है। एनईपी समन्वयक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** Amar Ujala

**Date-** 04 Apr 2025 **Page No.** 5


04/04/25 - AU - P-05

# रस्साकसी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी किए गए सम्मानित

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक व खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रस्साकसी प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित किए गए।

प्रथम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ. मनोज कपिल ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ किया। रस्साकसी के पुरुष वर्ग में प्रथम विजेता प्रथम वर्ष की टीम रही।

द्वितीय स्थान तृतीय वर्ष की टीम को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर द्वितीय वर्ष की टीम रही। बालिका वर्ग में प्रथम विजेता द्वितीय वर्ष की टीम, द्वितीय स्थान पर प्रथम वर्ष की टीम रही। इसके साथ ही छह टीमों के बीच क्रिकेट मैच भी चल रहे है। समन्वयक डॉ. संजीव त्यागी, डॉ. शिमर मिश्रा, केशरवानी और केके श्रीवास्तव रहे। (संवाद)



सुभारती विवि में रस्साकसी प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते प्रतिभागी। स्रोत :विवि

# फेस पेंटिंग और कोलॉज में दिखाया हुनर

## सुभारती लॉ कॉलेज में चल रहे वार्षिक सप्ताह के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती लॉ कॉलेज में चल रहे प्रवाह-द फ्लो वार्षिक सप्ताह के तीसरे दिन छात्र सांस्कृतिक समिति की ओर से विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कौशल को प्रदर्शित करने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मिमिक्री, एकल इन्स्ट्रमेंटल, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, फेस पेंटिंग और कोलॉज में विद्यार्थियों ने अपना हुनर दिखाया।

प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं छात्र सांस्कृतिक समिति की शिक्षक समन्वयक सोनल जैन और समिति की छात्र अध्यक्षा जोया राव ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी विभिन्न प्रतिभाओं को उजागर करना था।

मिमिक्री का विषय किसी राजनीतिक अथवा किसी विधिक विशेषज्ञ की नकल करना रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अरशद आलम और हर्षित ने निभाई। वहीं एकल इंस्ट्रूमेंटल प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में अरशद आलम और हर्षित शामिल रहे। फेस पेंटिग में कार्टून कैरेक्टर आकर्षक रहे। निर्णायक की भूमिका में डॉ. अजय राज सिंह और आशुतोष देशवाल शामिल रहे। समूह गान और समूह नृत्य की थीम उत्सव धर्मिता पर आधारित रही। प्रतिभागियों की प्रतिभा परखने के लिए अरशद आलम व आशुतोष देशवाल मौजूद रहे। फैशन शो की थीम बॉलीवुड-थ्रु द डीकेड्स रही।



सुभारती विवि के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। स्रोत : विवि

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 08 Apr 2025 Page No. 6**

08/04/25 06 AM

## लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

रठ। सुभारती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा जना (एनएसएस) इकाई-2 ने विश्व स्वास्थ्य वस पर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में गरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम ायोजित किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ) द्वारा घोषित इस वर्ष के विश्व वास्थ्य दिवस की थीम स्वस्थ शुरुआत, ाशावादी भविष्य है। एनएसएस इकाई-2 के वयंसेवकों ने उत्तम स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने महत्व के बारे में जागरूक किया। संवाद



सुभारती की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में शामिल प्रतिभागी। स्रोत : संस्था

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **08 Apr 2025** **Page No.** **7**

08/4/25 H 07

### छात्र-छात्राओं ने चलाया जागरुकता अभियान



मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई–दो ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने जीवनशैली संबंधी बीमारी, पोषण, स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर मानसिक स्वास्थ्य सहित कई गतिविधियां के जरिए स्वस्थ जीवन को प्रेरित किया। निशांत गौरव, डिम्पल सिंह तोमर, दीपक सिंह मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 09 Apr 2025** **Page No. 7**

शहर 30s

9/04/25 17 07

## सुभारती विश्वविद्यालय को मिला पुरस्कार




मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय को रेडियो सिटी द्वारा दिल्ली आइकॉन अवार्ड में 'सर्वाधिक विश्वसनीय विश्वविद्यालय' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से डीन प्रो. पिंटू मिश्रा को उक्त अवार्ड सौंपा। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज आदि ने बधाई दी है।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 09 Apr 2025** **Page No. 6**

9/04/25 Am 06

## 80 वर्षीय महिला का प्री कैंसर ग्रोथ का हुआ इलाज

मेरठ। सुभारती अस्पताल में 80 वर्षीय महिला पीलिया एवं बुखार के लक्षणों के चलते अस्पताल पहुंची और जांच के बाद यह पता चला कि उनमें प्रीमियम प्री कैंसर का विकास हो रहा है। कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक यादव ने बताया कि जब वृद्धा हमारे पास आई तो उनकी स्थिति बहुत खराब थी। उनका टीएलसी काउंट 40 हजार से बढ़ गया था। उनकी जांच की और जांच में यह सामने आया कि उनमें प्रीमियम प्री कैंसर ग्रोथ थी जो कि कैंसर का प्रकार पेरी-एम्पुलरी कार्सिनोमा है। उन्होंने बताया कि कैंसर की शुरुआती अवस्था या प्रीकैंसरस स्टेज, जिसमें कोशिकाओं में असामान्य परिवर्तन होते हैं, लेकिन वे अभी भी कैंसर में विकसित नहीं हुए हैं। इसके बाद उनका ईआरसीपी (एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियोपैन्क्रिएटोग्राफी) किया और स्टेम प्लेस किया, जिसके बाद ऊपर से पस नीचे आ गया। इसके बाद उन्हें काफी आराम मिला और धीरे-धीरे वह ठीक हो गई। सुभारती अस्पताल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का वृद्धा ने आभार व्यक्त किया। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 10 Apr 2025** **Page No. 6**

10/04/2025 AU 06

तैयारी

सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम

## जयंती पर राहुल सांकृत्यायन को याद किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज (भाषा विभाग), कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की ओर से राहुल सांकृत्यायन जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम किया गया। इसमें महापंडित राहुल सांकृत्यायन के जीवन, कृतित्व और उनके बहुआयामी योगदान को याद किया गया।

भाषा विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने राहुल सांकृत्यायन के बौद्धिक अवदान, उनके यात्रा-वृत्तांतों, दर्शन और इतिहास में अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य, इतिहास और दर्शन में अद्वितीय योगदान के लिए ही उन्हें 'महापंडित' की उपाधि दी गई। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. राजेश्वर पाल, डॉ. निशी राघव, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा सहित अन्य ने राहुल सांकृत्यायन के विचारों की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। संचालन भूमि और ऋतिक ने किया। आकांक्षा, चंचल, विधि गोस्वामी एवं विधि चौहान फहद सहित अन्य ने भी राहुल सांकृत्यायन के जीवन दर्शन के बारे में बताया। भाषण, प्रस्तुति एवं विचार-विमर्श के माध्यम से भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. स्वाति शर्मा ने आगंतुकों का आभार जताया।



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। स्रोत : संस्थान

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 10 Apr 2025 Page No. 7**

शहर

H 07 10/04/25

## सुभारती में याद किए राहुल सांकृत्यायन



मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा राहुल सांकृत्यायन जयंती पर कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ.सीमा शर्मा ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन का बौद्धिक अवदान, उनके यात्रा-वृत्तांत, भाषा विज्ञान, दर्शन और इतिहास में योगदान अद्वितीय है। प्रो.राजेश्वर पाल, डॉ.निशी राघव, डॉ.प्रीति शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा, भूमि, ऋतिक धीगान रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **12 Apr 2025** **Page No. 7, 6**

12/04/25 H 07

# 'डिजाइन कैसल 2025' का लॉन्च हुआ पोस्टर



**मेरठ, संवाददाता।** सुभारती विश्वविद्यालय के फैशन, टेक्सटाइल और इंटीरियर डिजाइन विभाग ने शुक्रवार को अपने वार्षिक फैशन शो 'डिजाइन कैसल 2025' के पोस्टर अनावरण किया। फैशन शो के निदेशक कोरियोग्राफर कपिल गोहरी, सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, फाइन आर्ट कॉलेज के डीन डॉ. पिन्टू मिश्रा एवं फैशन डिजाइन विभागाध्यक्षा नेहा सिंह ने पोस्टर लांच किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने फैशन शो की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। 21 अप्रैल को प्रस्तावित फैशन शो की थीम 'फ्यूजन फिएस्टा' है। इस शो में पेशेवर मॉडल, छात्रों के साथ रैंप पर उतरेंगी। निर्देशन कोरियोग्राफर कपिल गौरी करेंगे।

H 12/04/25 6

# सुभारती विवि में फैशन शो का पोस्टर लांच

## विश्वविद्यालय में 21 अप्रैल को रैंप पर मॉडल बिखेरेंगे चमक

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के फैशन, टेक्सटाइल और इंटीरियर डिजाइन विभाग ने अपने वार्षिक फैशन शो डिजाइन कैसल के पोस्टर का अनावरण किया। फैशन शो के डायरेक्टर कोरियोग्राफर कपिल गोहरी, विवि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, फाइन आर्ट कॉलेज के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा एवं फैशन डिजाइन विभागाध्यक्ष नेहा सिंह ने पोस्टर लांच किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने फैशन शो की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि 21 अप्रैल को होने वाले फैशन शो की थीम फ्यूजन फिएस्टा है। इसमें पेशेवर मॉडल विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ रैंप पर अपनी चमक बिखेरेंगे। शो का निर्देशन कोरियोग्राफर कपिल गौरी करेंगे। फैशन शो में



सुभारती विवि में 21 अप्रैल को होने वाले फैशन शो का पोस्टर लांच करते अतिथि। स्रोत : विवि

डीन डॉ. पिंटू मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय में फाइन आर्ट कॉलेज की ओर से यह मेगा फैशन शो कराया जा रहा है। इसमें फैशन डिजाइन के स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई वेशभूषाओं को प्रदर्शित करके उनके रचनात्मक कार्य को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ड्रेस देखकर विशेषज्ञ उन्हें आगे रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज के समय में फैशन की इंडस्ट्री बहुत बड़ी है। मॉडल, कोरियोग्राफर एवं रचनात्मक लोगों की इस क्षेत्र में अधिक मांग है। इसके लिए

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 14 Apr 2025** **Page No. 7, 6**

निदेशक रहे। यादव, योगेश कुमार आदि रहे।

14/04/25 06 H

# श्रीमद्भगवत गीता पर होगी 20 दिवसीय कार्यशाला




रविवार को सुभारती विश्वविद्याल पहुंचे प्रभु चारू गोविंद दास। • हिन्दुस्तान

**मेरठ,वरिष्ठ संवाददाता ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द शोध पीठ द्वारा अगले माह मई में श्रीमद भगवद् गीता पर 20 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अल्पकालिक सर्टिफिकेट कॉर्स भी शुरू होगा।

इस्कॉन मंदिर मेरठ के अध्यात्मिक गुरु प्रभु चारू गोविन्द दास ने स्वामी विवेकानन्द शोध पीठ की संयोजिका प्रो. डॉ. मोनिका मेहरोत्रा के साथ सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज से भेंट की। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने बताया कि श्रीमद भगवद् गीता के पाठ से जीवन की सभी नकारात्मक ऊर्जाएं दूर होती हैं। बताया कि भगवत गीता कार्यशाला के साथ जल्द ही अल्पकालिक सर्टिफिकेट कोर्स भी आरम्भ किया जाएगा। सुभारती डेन्टल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 14 Apr 2025** **Page No. 5**

14/04/25 AV 05

# गीता पर होगी 20 दिवसीय कार्यशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद शोधपीठ की ओर से मई माह में श्रीमद्भागवत गीता पर 20 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अल्पकालिक सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू होगा। इस्कॉन मंदिर मेरठ के आध्यात्मिक गुरु प्रभु चारु गोविंद दास ने स्वामी विवेकानंद शोधपीठ की संयोजक प्रो. मोनिका मेहरोत्रा, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज से मुलाकात की।

कुलपति ने बताया कि गीता के पाठ से जीवन की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है। गीता पढ़ने से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ता है और व्यक्ति साहसी बनकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित कराई जाएगी। मुख्य कार्यकारी



सुभारती में सीईओ डॉ. शल्या राज से मिलते आध्यात्मिक गुरु प्रभु चारु गोविंद दास। स्रोतः संस्थान

अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अध्यात्मिक गुरु प्रभु चारु गोविंद दास का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि गीता से सत्य और असत्य का ज्ञान होता है। इससे अच्छे और बुरे की समझ आती है।

भगवत गीता का पाठ करने से व्यक्ति को तनाव से भी मुक्ति मिलती है। प्रो. मोनिका मेहरोत्रा ने बताया कि कार्यशाला के साथ जल्द ही अल्पकालिक सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ किया जाएगा। सुभारती डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, इस्कान मंदिर से अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

Subhartipuram, Delhi-Haridwar Meerut Bypass Road, NH-58, Meerut - 250 005
E-mail: slib53@rediffmail.com, Website: www.subharti.org

# News Paper Clipping Service


**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 15 Apr 2025** **Page No. 6**

# शहीदों के बलिदान से मिली आजादी

15|04|25 AU 06

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती विवि में अतिथियों का स्वागत करते विवि के संस्थापक व अन्य। स्रोतः स्वयं

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में मोइरांग विजय दिवस एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सेमिनार हुआ।

मांगल्या प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि आजाद हिंद फौज की रानी झांसी रेजीमेंट की सदस्य लेफ्टिनेंट भारती आशा मोहन सहाय के सुपुत्र संजय चौधरी, कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारतीयों में देशभक्ति की अलख जलाकर मोइरांग को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कर भारत को अखंड बनाने का कार्य किया। वीर चक्र से सम्मानित कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की साहसिक घटनाएं एवं स्वतंत्रता हेतु बनाई गई रणनीति से सभी को रूबरू कराया।

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार अनुकरणीय है। नेताजी सुभाष चंद्रबोस ने अपने बलिदान से देश

## सुभारती विवि में मोइरांग विजय दिवस एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर हुआ सेमिनार

को आजादी दिलाई तो दूसरी ओर बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने दलित, वंचित, शोषित एवं नारियों को अधिकार दिलाने का गौरवशाली कार्य किया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को आजादी शहीदों के बलिदान से मिली है। उन्होंने बताया कि 21 अक्तूबर को अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस के रूप में सुभारती विश्वविद्यालय हर्षोल्लास से मना रहा है।

इस दौरान डॉ. जीके थपलियाल पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, चौधरी यशपाल सिंह, डॉ. शल्या राज, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. रीना, डॉ. वैभव, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. अभिनव, एडवोकेट बदर महमूद आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 15 Apr 2025** **Page No. 5**

H 15/04/25 05

# शहीदों से प्रेरणा लेकर भारत को सशक्त बनाएं

**जयंती**

**मेरठ,प्रमुख संवाददाता।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने भारतीयों में देशभक्ति की अलख जलाकर मोइरांग को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कर भारत को अखंड बनाने का कार्य किया। आज जरूरत इस बात की है कि युवा पीढ़ी देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों से प्रेरणा ले भारत को सशक्त बनाने की दिशा में काम करे।

सुभारती विवि में मोइरांग विजय दिवस एवं बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर हुए समारोह में यह बात आजाद हिन्द फौज की 95 वर्षीय लेफ्टिनेंट भारती आशा चौधरी ने कही।



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित किया गया।

भारती आशा चौधरी भारतीय स्वतंत्रता लीग के प्रमुख नेता आनंद मोहन सहाय की बेटी हैं। उन्होंने वीडियो संदेश से युवाओं से उक्त अपील की। समारोह का शुभारंभ भारती आशा मोहन सहाय के पुत्र संजय चौधरी, वीर चक्र से सम्मानित कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी, उप्र राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह, सुभारती समूह संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने किया।

कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी, राजेन्द्र सिंह, डॉ.जीके थपलियाल, डॉ.अतुल कृष्ण ने विचार रखे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. प्रीति सिंह, डॉ.रीना विश्नोई, डॉ.वैभव गोयल, डॉ.सीमा शर्मा, डॉ.अभिनव शर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा, चौधरी यशपाल सिंह, बदर महमूद, फ़ैज़ महमूद, सरदार कर्मेंद्र सिंह, जीशान, मेजर हिमांशु, डॉ.अनुभूति चौहान आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 19 Apr 2025** **Page No. 7**



## छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड् कॉमर्स के एमबीए के छात्रों ने गगोल सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ समिति पराग डेयरी प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। छात्रों ने उत्पादन प्रक्रिया, विपणन रणनीति से संबंधित जानकारी हासिल की। संकाय सदस्य सबा हाशमी, अर्चित कात्यायन भी शामिल रहे। डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स एवं डायरेक्टर प्रो.डॉ. आरके घई ने विचार रखे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 19 Apr 2025** **Page No. 5**

न्यूज कैप्सूल

19/04/25 AV 05

### विद्यार्थियों ने किया पराग डेयरी का भ्रमण



पराग डेयरी पर पहुंचे सुभारती विवि के विद्यार्थी। स्रोत : विवि

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के एमबीए के छात्र-छात्राओं ने गगोल सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ समिति पराग डेयरी प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। छात्रों के लिए कंपनी से संबंधित एक विस्तृत सवेंदीकरण सत्र भी किया गया। इस दौरान छात्रों ने उत्पादन प्रक्रिया, विपणन रणनीति एवम विभिन्न प्रबंधकीय कार्य विधियों से संबंधित जानकारी एकत्रित की। छात्रों का अनुरक्षण के लिए संकाय सदस्य सबा हाशमी, अर्चित कात्यायन भी औद्योगिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ रहे। डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स एवं डायरेक्टर प्रो. आरके घई ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए औद्योगिक भ्रमण की उपयोगिता बताई। प्रबंधकों की ओर से भी एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 20 Apr 2025 Page No. 7**

# ऑनलाइन मीडिया में व्यापक कॅरिअर के अवसर

20/04/25 AU 07

## सुभारती विश्वविद्यालय में खेल पत्रकारिता पर अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती विश्वविद्यालय में हुए व्याख्यान में शामिल प्रतिभागी व अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने खेल पत्रकारिता पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें मीडिया परिदृश्य में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

नीरज अग्रवाल ने खेल गतिविधियों और उनके कवरेज पर जोर दिया। उन्होंने प्रभावी रिपोर्टिंग पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। जिसमें खेल कवर करने में क्या करें और क्या न करें शामिल थे। व्यापक और आकर्षक कहानी कहने को सुनिश्चित करने के लिए समग्र कवरेज की योजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नीरज अग्रवाल ने जोर दिया कि खेल पत्रकारिता पारंपरिक और ऑनलाइन मीडिया दोनों में व्यापक कॅरिअर अवसर प्रदान करती है। खेल की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, कुशल खेल पत्रकारों की मांग बढ़ गई है। खेल पत्रकारिता में करियर पथ में खेल रिपोर्टर, खेल एंकर, खेल कमेंटेटर, खेल संपादक और डिजिटल खेल पत्रकार आदि शामिल हैं। कहा कि खेल पत्रकारिता में करियर उन लोगों के लिए पुरस्कृत हो सकता है जो खेल और कहानी कहने के प्रति जुनूनी हैं। ऑनलाइन मीडिया के उदय के साथ, खेल पत्रकारों के लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए नए अवसर उभर रहे हैं।

इस दौरान ऑनलाइन सत्र में, वरिष्ठ खेल पत्रकार नारायण सिंह ने छात्रों को संबोधित किया था, जिसमें खेल समाचार को कवर करने की वास्तविक चुनौतियों को साझा किया गया था। उन्होंने खेल आयोजन कवरेज की जिम्मेदार और संवेदनशील प्रकृति पर प्रकाश डाला, छात्रों को खेल रिपोर्टिंग के दौरान सावधान और जागरूक रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण घटक खेल पत्रकारिता है, जो विविध रुचियों और लाभों को प्रदान करती है, जिसमें नई जानकारी प्रदान करना, स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना और टीम भावना को बढ़ावा देना शामिल है। खेल पत्रकारिता में छात्रों को व्यावहारिक अंतरदृष्टि प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन विभाग की प्रतिबद्धता हैं ताकि छात्रों को खेल पत्रकारिता उद्योग की जानकारी हो सकें।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 20 Apr 2025 Page No. 11**

20/04/25 11 H

# खेल पत्रकारिता में कॅरियर की संभावनाएं

**अतिथि व्याख्यान**



शनिवार को सुभारती विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ।

**मेरठ,संवाददाता।** सुभारती विवि के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में अतिथि व्याख्यान में खेल पत्रकारिता के अवसरों पर बात हुई। नीरज अग्रवाल ने व्यापक और आकर्षक कहानी कहने को सुनिश्चित करने के लिए समग्र कवरेज की योजना बनाने की जरुरत पर बल दिया।

नीरज के अनुसार खेल पत्रकारिता पारंपरिक और ऑनलाइन मीडिया दोनों में कॅरियर के व्यापक अवसर प्रदान करती है। खेल की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, कुशल खेल पत्रकारों की मांग बढ़ गई है। नारायण सिंह ने खेल समाचार को कवर करने की वास्तविक चुनौतियों को साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण घटक खेल पत्रकारिता है जो विविध रुचियों और लाभों को प्रदान करती है। इस मौके पर राम प्रकाश तिवारी, डॉ.प्रीति सिंह, शैली शर्मा एवं शिकेब मजीद शामिल रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 21 Apr 2025 Page No. City Page 6**

21/04/25 07 H

## सुभारती में मेगा फैशन शो आज

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के फैशन, टेक्सटाइल और इंटीरियर डिजाइन विभाग द्वारा सोमवार को वार्षिक फैशन शो 'डिजाइन कैसल 2025' का आयोजन किया जाएगा। फैशन शो की थीम 'फ्यूजन फिएस्टा' है।

इस फैशन शो में पेशेवर मॉडल विवि के छात्रों के साथ रैंप पर चमक बिखेरेंगे। शो का निर्देशन कोरियोग्राफर कपिल गौरी करेंगे। फैशन शो में सेलिब्रिटी अतिथि मॉडल व अभिनेत्री गौरी अग्रवाल, मॉडल सिद्धार्थ तोमर व देश के अन्य शहरों के जाने-माने चेहरे जलवा बिखेरेंगे। डीन डॉ. पिंटू मिश्रा ने बताया कि सुभारती विवि में फाइन आर्ट कॉलेज द्वारा मेगा फैशन शो डिजाइन कैसल का आयोजन होगा। शो में दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, नोएडा सहित देश के पेशेवर मॉडल शामिल होंगे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** Hindustan

**Date-** 22 Apr 2025 **Page No.** 7

22|04|25 07 H

# हुस्न और अदाओं के हुनर के साथ रैंप पर कैटवॉक



**मेगा फैशन शो**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा हुए डिजाइन कैसल 2025 मेगा फैशन शो में सोमवार को सितारे जमीं पर उतर आए। शो में मुंबई, दिल्ली एवं नोएडा के मॉडल्स ने रैंप पर फैशन का जलवा बिखेरा। फ्यूजन फिएस्टा थीम पर हुनर के साथ हुस्न और अदाओं के कैटवॉक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**32** से अधिक मॉडल ने किया प्रतिभाग



शुभारंभ मॉडल सिद्धार्थ तोमर, अभिनेत्री पलक यादव, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, फाइन आर्ट्स कॉलेज के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभागाध्यक्ष एवं शो की संयोजिका डॉ. नेहा सिंह ने किया। सिद्धार्थ तोमर ने कहा कि आत्मविश्वास फैशन के क्षेत्र की नींव हैं। अभिनेत्री पलक यादव ने कहा कि मॉडलिंग के क्षेत्र में जुनून के साथ सहनशीलता होनी चाहिए। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि आज का यह मंच भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की विभिन्न संस्कृति को एक रंग में पिरोकर एकता का संदेश दे रहा है। डॉ. शल्या राज ने कहा कि सुभारती विवि छात्र-छात्राओं को चमकती दुनिया का सितारा बनाने की कला सिखा रहा है।

## इनके कलेक्शन को किया गया पुरस्कृत

सर्वश्रेष्ठ सतह अलंकरण थीम पियोफाउल में अक्सा, कीर्ति, प्रिया, मेघना, स्नेहा, संध्या, सलीशा, गुल मोहम्मद विजेता रहे। सर्वश्रेष्ठ वाणिज्यिक संग्रह में थीम सिंक लक्स रही। इसमें आकिफ, साहिल, सलीम, मधु, नंदिनी, वाणी, यशिका मुख्य रहे। सर्वश्रेष्ठ परिधान निर्माण थीम हेरिटेज नोव्यू रही। आर्या, आकांक्षा, ज्योति, मिताली, सुहानी प्रमुख रहीं। शो स्टॉपर ड्रेस पुरस्कार कशिश अरोड़ा और जियानशी को मिला। मॉडल ऑफ द ईयर फीमेल डॉ. छवि और मॉडल ऑफ द ईयर पुरुष दीपुल रहे। बेस्ट पैंथर वॉक दीपांशु, ट्विंकलिंग टोज रिया एवं हैंडसम हंक माया बनीं। अमन कुमार, आज़मा, हिमांशी सिंह, इशिका रस्तोगी, मनीषा, प्रियांशी, राहुल कुमार, वर्षा चौधरी ने प्रतिष्ठित बेस्ट डिजाइन कलेक्शन डीसी 2025 ट्रॉफी जीती।

डॉ. पिंटू मिश्रा के अनुसार फैशन शो में 11 राउंड हुए, जिसमें ग्लैमर ऑफ दी नाईट किंग, वेल एंड वेलोर, रेडियंस रनवे थीम पर मॉडल्स ने रैंप पर वॉक किया। डॉ. नेहा सिंह के अनुसार सर्वश्रेष्ठ अभिनव संग्रह महासागर थीम पर हर्ष, जनशिका, कुमकुम, शगुल, शिवानी ने रैंप वॉक किया।


Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

**News Paper Clipping Service**

News Paper Name - Amar Ujala

Date- 22 Apr 2025 Page No. City Page 6

AV 22/04/25 My city 06



# लाइट, कैमरा, एक्शन...शो में दिखा फैशन क

## सुभारती विवि में डिजाइन कैसल में शानदार कैटवाक कर चार चांद लगाए, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा से पहुंचीं मॉ



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित फैशन शो में भाग लेतीं मॉडल। अमर उजाला

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में हुए मेगा शो में मॉडलों ने लाइट, कैमरा और एक्शन के साथ फैशन का जलवा बिखेरा। डिजाइन कैसल में शानदार कैटवॉक ने भी समारोह में चार चांद लगा दिए। नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग की ओर से यह भव्य आयोजन किया गया। यहां डिजाइन कैसल-2025 मेगा फैशन शो का रंगारंग आयोजन किया गया।

शो में मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा सहित अन्य शहरों से पहुंचीं मॉडल्स ने रैंप पर रंगबिरंगे परिधानों में खूबसूरती के जलवे बिखेरे। फैशन शो की थीम फ्यूजन फिएस्टा ने छात्रों की प्रतिभा के जीवंत और अभिनय प्रदर्शन को जहां मंच पर चमकने का मौका दिया, वहीं पारंपरिक सौंदर्य व समकालीन डिजाइन के साथ प्रदर्शन ने युवा दर्शकों को उत्साह से भर दिया।

इससे पूर्व फैशन शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिद्धार्थ तोमर, अभिनेत्री पलक यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. ...

टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास फैशन के क्षेत्र की नींव है। सफल मॉडल बनने के लिए शारीरिक फिटनेस और लुक्स पर ध्यान देना चाहिए। पोर्टफोलियो बनाकर मॉडलिंग एजेंसी जॉइन करने एवं सोशल मीडिया पर अपडेट रहना चाहिए। उन्होंने ...

मददगार होता है।

अभिनेत्री पलक यादव ने कहा कि मॉडलिंग के क्षेत्र में जुनून के साथ सहनशीलता भी होनी चाहिए। बात करने का प्रभावी तरीका एवं फैशन के क्षेत्र की विस्तृत जानकारी अर्जित करने से ग्लैमर की दुनिया ...



# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 23 Apr 2025 Page No. City Page 6**

Mycity 23/04/25 06 AU

## धरती को बचाएंगे तो ही पीढ़ियां बचेंगी : डॉ. सुधीर



सुभारती विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में मंगलवार को लिबरल आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज विभाग की ओर से हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ. सुधीर त्यागी ने कहा कि यदि हम धरती को बचाने का प्रयास करेंगे तो ही आने वाली पीढ़ियां भी बच सकेंगी।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को एक हरित, स्वच्छ और सतत भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय समुदाय में पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कार्रवाई के लिए छात्रों के नेतृत्व में कार्यशाला हुई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नियति गर्ग ने पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। सभी को पृथ्वी और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

### सुभारती विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

पोस्टर बनाए गए। संचालन समाजशास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. लवली व जूली ने किया।

डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. रूबी, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. मोहिनी मित्तल, डॉ. अजय कुमार वर्मा, कपिल, और डॉ. किरण रानी पंवार सहित कई शिक्षकों ने पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर व्याख्यान दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज त्रिपाठी ने छात्रों और शिक्षकों को एक साथ आकर पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नेहा, कायनात, शौर्य, अतुल, एलिश, शिवानी, अंकित समेत अन्य मौजूद रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 24 Apr 2025 Page No. 3**

24/04/25 H 03



## हमेशा सकारात्मक सोच बनाए रखें विद्यार्थी

मेरठ। सुभारती लॉ कॉलेज द्वारा 'स्टार्टअप आइडिया पीचिंग कंपीटीशन-2025' का शुभारंभ निदेशक राजेश चन्द्रा एवं डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय ने किया। रजिस्ट्रार ग्रुप कैप्टन एम याकूब ने कहा कि छात्र अपनी सोच सकारात्मक रखें। डॉ.वैभव गोयल, डॉ.अजय राज सिंह, आफरीन अलमास, शालिनी गोयल, अरशद आलम, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.रीना बिश्नोई, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **24 Apr 2025** **Page No.** **City Page 5**

24/04/25 05 AU MyCity

# स्टार्टअप के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक

## सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज की ओर से कार्यक्रम का आयोजन, बिजनेस शुरू करने के लिए बेहतर विचार जरूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज की ओर से स्टार्टअप आइडिया पीचिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें अरशद आलम और बौद्धिक संपदा अधिकार सेल की समन्वयक डॉ. सारिका त्यागी ने बताया कि स्टार्टअप के लिए नए विचार के साथ सकारात्मक सोच जरूरी है।

ग्रुप कैप्टन एम याकूब ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी के रूप में आपके विचार एक नए व्यवसाय के रूप में परिवर्तित हो सकते हैं। इसलिए हमेशा सोच सकारात्मक तथा रचनात्मक रखनी चाहिए। जस्टिस राजेश ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषयों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संकाय अध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल भारतीय ने विद्यार्थियों को उनके प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बिजनेस को शुरू करने के लिए पहले बेहतर विचार का होना जरूरी है। भाप का इंजन बनाने के लिए जेम्स वॉट ने भाप की शक्ति का अंदाजा उबलते पानी के बर्तन पर उठती गिरती प्लेट से लगा लिया था। इस दौरान बताया गया कि नए विचारों के साथ व्यापक स्तर पर ऑनलाइन कारोबार और नए एप्स से कमाने के बारे में बताया गया।



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। स्रोत : विवि

निर्णायक मंडल में मौजूद डॉ. अजय राज सिंह, आफरीन अलमास और शालिनी गोयल ने प्रतिभागियों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का विचार कितना विशिष्ट और समाज के लिए उपयोगी है...जैसे प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में बीए एलएलबी तृतीय वर्ष की छात्रा पलक त्यागी प्रथम स्थान, नव्या त्यागी और निधि चोपड़ा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं, बीए एलएलबी प्रथम वर्ष के हर्ष वर्मा और जाहिरा महनाज खान तृतीय स्थान पर रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **27 Apr 2025** **Page No.** **2**

27/04/25 02 H



## छात्र-छात्राओं ने किया फील्ड वर्क

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के रसायन विभाग ने उन्नत भारत अभियान में सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के तहत फील्ड वर्क हुआ। अभिनव पब्लिक स्कूल बली की प्रिंसीपल राज रानी और एसएस पब्लिक स्कूल शहजादपुर के प्रिंसीपल रवि कुमार का सहयोग रहा। अनुज बली, प्रो.रेनू मावी, डॉ.प्रीति सिंह, मानवी चौधरी, निशा सिंह रहीं।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 29 Apr 2025 Page No. City page 2**

29/04/25 AU 02 My City



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं। स्रोत : स्वयं

# स्टार्टअप्स और नवाचार पर डाला प्रकाश

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'उद्यमिता में सफलता के नवाचार पथ' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन मदन मोहन मालवीय ऑडिटोरियम में हुआ।

विभागाध्यक्ष प्रो. रेनू मावी ने बताया कि सेमिनार प्रतिभागियों के लिए नवाचारों को व्यावसायिक स्टार्टअप्स में बदलने, निवेश और फंडिंग के अवसरों का पता लगाने तथा बाजार और कानूनी पहलुओं को समझने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

डॉ. निधि सक्सेना ने स्टार्टअप की स्थापना और संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे कंपनी गठन, बौद्धिक संपदा अधिकार, नियामक अनुपालन, कर नीतियां और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी पहलों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

दूसरे सत्र में डॉ. निशा सक्सेना ने नवाचार को प्रभाव में बदलना विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उ प्रो. अशोक कुमार चौबे, डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज, प्रो. रेनू मावी विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग और विशिष्ट अतिथि वक्ता डॉ. निशा सक्सेना आदि रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 29 Apr 2025 Page No. 2**

29/04/25 H 02



उद्यमिता में सफलता के नवाचार पथ विषय पर आयोजित सेमिनार में शामिल अतिथि।

## नवाचार आधारित उद्यमिता बढ़ाने पर जोर

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'उद्यमिता में सफलता के नवाचार पथ' विषय पर सेमिनार में छात्रों को विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई।

प्रो.रेनू मावी ने कहा कि सेमिनार नवाचारों को व्यावसायिक स्टार्टअप्स में बदलने, निवेश और फंडिंग के अवसरों का पता लगाने, बाजार और कानूनी पहलुओं को समझने के लिए मंच साबित हुआ। डॉ.निधि सक्सेना ने स्टार्टअप की स्थापना और संचालन से जुड़े पहलुओं को समझाया। डीन प्रो. अशोक चौबे, प्रो.रेनू मावी, डॉ.निशा सक्सेना, प्रगति जैन, डॉ.प्रीति सिंह, अंकिता, डॉ.आबिदा आदि मौजूद रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **30 Apr 2025** **Page No.** **11**

30/04/25 H 11

# निष्पक्षता पत्रकारिता का मूल सिद्धांत: थपलियाल

मेरठ। सुभारती विवि के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में मंगलवार को वार्षिक समारोह बहिरंग का आगाज हुआ। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि निष्पक्षता पत्रकारिता का मूलभूत सिद्धांत है।

विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को कुछ नया करने को प्रोत्साहित करेगी। निर्णायक मंडल में आरपी सिंह, अनम खान शेरवानी, डॉ. लकी त्यागी, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. विधि खंडेलवाल, डॉ. रफत खान्नम, डॉ. आशीष दीपांकर, डॉ. निषमा सिंह, डॉ. अमृता चौधरी,




डॉ. स्वाति शर्मा, . कृष्ण कुंदारा, डॉ. विशाल कुमार, विजय सैनी एवं डॉ. शालू नेहरा रहे। राम प्रकाश तिवारी, पलक टंडन, भावना चौधरी, भूमि आर्य, शिखा सिंह, वर्षा राज, मनीषा झा, डॉ. मेजर देशराज सिंह, प्रो. अशोक चौबे, प्रो. अशोक त्यागी रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **30 Apr 2025** **Page No.** **City Page 7**

30/04/25 07 AU My city

# पत्रकारिता में निष्पक्षता बहुत जरूरी : कुलपति

ठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता र जनसंचार विभाग के तत्वावधान में योजित वार्षिक कार्यक्रम बहिरंग का मंगलवार आगाज हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति जीके लियाल ने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसी वर गतिविधि है, जिसमें समाचार और नकारी को जनता तक पहुंचाने का काम पक्षता से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पक्षता पत्रकारिता का एक मूलभूत सिद्धांत है पत्रकारों को अपने काम में ईमानदारी और श्वसनीयता बनाए रखने में मदद करता है। लपति ने कहा कि निष्पक्षता पत्रकारों को यनिष्ठा बनाए रखने में मदद करती है। कारों को निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने से उनके प्रति ाज का दृष्टिकोण आदर का बन जाता है।

जनरल थपलियाल ने भावी मीडिया कर्मियों से कहा कि मीडिया को अपने काम में ईमानदारी और विश्वसनीयता रखने से पाठकों या दर्शकों के बीच विश्वास को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मियों को संकोच को छोड़ना चाहिए और निर्भीकता से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

जनरल थपलियाल ने बहिरंग जैसे आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि यह विविधता लिए हुए रचनात्मक आयोजन है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को इसकी सफलता की शुभकामना दी।

जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलैड़ी ने कहा कि दो दिवसीय यह आयोजन पूरी तरह से छात्रों द्वारा संकल्पित और आयोजित है। डॉ. थलैडी ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से छात्र किसी भी आयोजन को करने के लिए सक्षम हो सकेंगे। संवाद





सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं और अतिथि। स्रोत : संस्थान